हिन्दुस्तान
बुधवार
30 जुलाई 2025, श्रावण शुक्ल पक्ष, षष्ठी, विक्रम संवत् 2082, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

PAGE NO.- 08 : TOP

# श्रीराम मूर्ति मेमोरियल स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस एक से

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। 12वां श्रीराम मूर्ति मेमोरियल एवं तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट एक अगस्त से एसआरएमएस प्रांगण में शुरू होगा। तीन दिवसीय टूर्नामेंट उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के निर्देशन, जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के तत्वावधान एवं स्टेग ग्लोबल द्वारा प्रेरित है। यह बात एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कही।

आदित्य मूर्ति ने बताया कि 75 हजार रुपये कैश प्राइज के इस टूर्नामेंट में शामिल होने बालक एवं बालिका में 12 कैटेगरी में 650 मुकाबले होंगे। इसमें लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, गाजियाबाद, आगरा, रेनुकोट, अलीगढ़, झांसी, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर, मुरादाबाद और बरेली

■ तीन दिवसीय टूर्नामेंट में शामिल होंगे 400 से ज्यादा खिलाड़ी

सहित 30 जिलों से करीब 400 खिलाड़ियों सहित टेबल टेनिस के सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बरेली पहुंचेंगे। उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के अध्यक्ष देव मूर्ति, टीटीएफआई के पूर्व जनरल सेक्रेटरी अरुण बनर्जी, यूपीटीईए के प्रेसिडेंट संजीव पाठक करेंगे। समापन तीन अगस्त, रविवार दोपहर एक बजे पुरस्कार वितरण से होगा। मैच सुबह 8:30 बजे से आरंभ होकर देर शाम तक चलेंगे। कैश प्राइज में उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन द्वारा 25,000 एवं एसआरएमएस ट्रस्ट द्वारा 50,000 रुपये प्रदान किए गए हैं।